TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

पुण्यतिथि विशेष

11 जनवरी 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

# आज का सुविचार

एकता और अनुशासन राष्ट्र की शक्ति है।

लाल बहादुर शास्त्री

( भारत के पूर्व प्रधानमंत्री )

जन्म : 02 अक्टूबर 1904 मृत्यु : 11 जनवरी 1966



राकेश कुमार


www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

11 जनवरी


मधु प्रिया

## लाल बहादुर शास्त्री स्मृति दिवस 11 जनवरी



लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस पर 2 अक्टूबर को शास्त्री जयन्ती व उनके देहावसान वाले दिन 11 जनवरी को लालबहादुर शास्त्री स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।भारत के दूसरे प्रधानमन्त्री थे। वह 9 जून 1964 से 11 जनवरी 1966 को अपनी मृत्यु तक लगभग अठारह महीने भारत के प्रधानमन्त्री रहे। इस प्रमुख पद पर उनका कार्यकाल अद्वितीय रहा। शास्त्री जी ने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात शास्त्रीजी को उत्तर प्रदेश के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। गोविंद बल्लभ पंत के मन्त्रिमण्डल में उन्हें पुलिस एवं परिवहन मन्त्रालय सौंपा गया। परिवहन मन्त्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रथम बार महिला संवाहकों (कण्डक्टर्स) की नियुक्ति की थी। पुलिस मंत्री होने के बाद उन्होंने भीड़ को नियन्त्रण में रखने के लिये लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारम्भ कराया। 1951 में,जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में वह अखिल भारत कांग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त किये गये। उन्होंने 1952, 1957 व 1962 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताने के लिये बहुत परिश्रम किया।

# पुण्यतिथि विशेष 11 जनवरी




**लाल बहादुर शास्त्री** *Lal Bahadur Shastri*, जन्म: 2 अक्टूबर, 1904; मृत्यु: 11 जनवरी, 1966) एक प्रसिद्ध भारतीय राजनेता, महान् स्वतंत्रता सेनानी और जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। वे एक ऐसी हस्ती थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में देश को न सिर्फ सैन्य गौरव का तोहफा दिया बल्कि हरित क्रांति और औद्योगीकरण की राह भी दिखाई। शास्त्री जी किसानों को जहां देश का अन्नदाता मानते थे, वहीं देश के सीमा प्रहरियों के प्रति भी उनके मन में अगाध प्रेम था जिसके चलते उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया।



# TOB





## खेल कॉर्नर



# अंडर-19 वनडे में भारत के टॉप स्कोरर

| खिलाड़ी | मैच | रन | औसत | 100/50s |
|---|---|---|---|---|
| विजय जोल | 36 | 1404 | 42.54 | 4/7 |
| यशस्वी जायसवाल | 27 | 1386 | 69.3 | 3/12 |
| तन्मय श्रीवास्तव | 34 | 1316 | 48.74 | 2/11 |
| उन्मुक्त चंद | 21 | 1149 | 67.58 | 5/4 |
| शुभमन गिल | 16 | 1149 | 104.45 | 4/6 |
| सरफराज खान | 33 | 1080 | 51.42 | 1/11 |
| विराट कोहली | 28 | 978 | 46.57 | 1/6 |
| वैभव सूर्यवंशी | 18 | 973 | 54.05 | 3/4 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 11.01.2026

## करके सीखना

करके सीखना (**Learning by Doing**) एक सक्रिय शिक्षण पद्धति है जिसमें व्यक्ति व्यावहारिक गतिविधियों, अनुभवों और अनुप्रयोग के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करता है, जिससे निष्क्रिय रूप से जानकारी सुनने या पढ़ने की तुलना में बेहतर समझ, समझ और जानकारी का प्रतिधारण होता है। यह छात्रों को गलतियों से सीखने, आत्मविश्वास विकसित करने और समस्या-समाधान व टीम वर्क जैसे कौशल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जो पारंपरिक शिक्षा का एक शक्तिशाली विकल्प है ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



भारत ने आंध्र प्रदेश में मात्र **24 घंटों में 28.95 किमी सड़क** तैयार कर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। **NHAI** और राजपथ इन्फ्राकॉन ने **10,675 मीट्रिक टन कंक्रीट** का उपयोग कर इस चुनौतीपूर्ण कार्य को रिकॉर्ड समय में **मुमकिन** कर दिखाया।

# Teachers of Bihar


The change makers

# PM e Vidya mobile app




## Download the app

**शिक्षा मंत्रालय और भारत सरकार द्वारा विकसित पी.एम ई  विधा मोबाइल एप्लीकेशन, जो शिक्षकों और छात्र , दोनों के लिए उपयोगी है।**


11 जनवरी
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
HAPPY
Birthday
राहुल द्रविड़
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

# पद्य पंकज

"

ज्ञानी बनकर
मत नीरस उपदेश दीजिए।
लोक कर्म भव सत्य
प्रथम सत्कर्म कीजिए।

**सुमित्रा नंदन पंत**

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
लालबहादुर शास्त्री
जन्मः 2 अक्टूबर 1904
मृत्युः 11 जनवरी 1966
/teachersofbihar
Madhu priya